# किसानों का 2 लाख तक कृषि कर्ज माफ

## सरकार का 50 लाख प्रत्यक्ष रोजगार का लक्ष्य, महाराष्ट्र बजट 2026-27 : 2 लाख तक कृषि ऋण माफी

▸ हरित ऊर्जा, बुनियादी ढांचा और महिला उद्यमिता पर जोर



**मुंबई, 06 मार्च. महाराष्ट्र विधानसभा में शुक्रवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य का बजट पेश किया। इस दौरान उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत दिवंगत उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता अजित पवार को श्रद्धांजलि देकर की.**

राज्य में फसल ऋण का बकाया रखने वाले पात्र किसानों को 2 लाख रुपये तक की ऋण माफी दी जाएगी। इसके साथ ही नियमित ऋण चुकाने वाले किसानों को 50,000 रुपये का प्रोत्साहन भी मिलेगा।

राज्य सरकार ने कृषि क्षेत्र में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और वैश्विक बाजारों तक पहुंच के लिए 10 से 15 प्रमुख फसलों की कृषि मूल्य श्रृंखला मजबूत करने की योजना बनाई है। बजट में सिंचाई और जल क्षेत्र के सुधार, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में नई पहलों का भी विस्तार किया गया। सरकार ने स्टार्टअप और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए भी कई योजनाओं की रूपरेखा पेश की। महाराष्ट्र के हरित ऊर्जा रोडमैप के तहत 2029 तक 50 प्रतिशत और 2035 तक 65 प्रतिशत हरित ऊर्जा हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है।

बजट के अनुसार, पात्र किसानों को फसल ऋण का बकाया रखने पर 2 लाख रुपये तक की माफी मिलेगी, जबकि नियमित ऋण चुकाने वाले किसानों के लिए 50,000 रुपये का प्रोत्साहन प्रस्तावित किया गया है। राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को पांच लाख हेक्टेयर तक बढ़ावा देने और वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त के लिए 10-15 प्रमुख फसलों की मूल्य श्रृंखला को मजबूत करेगी। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री मांझी लड़की बहन योजना का विस्तार और नए लखपति दीदियों का सृजन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य 2026-27 में 25 लाख अतिरिक्त महिला उद्यमियों का पोषण करना है.

### राज्यपाल जिष्णु रह चुके हैं त्रिपुरा के पूर्व उपमुख्यमंत्री

महाराष्ट्र के नवनियुक्त राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा वर्तमान में तेलंगाना के राज्यपाल हैं और त्रिपुरा के पूर्व उपमुख्यमंत्री रह चुके हैं। श्री वर्मा जल्द ही राज्यपाल के रूप में पद की शपथ लेंगे। वह श्री आचार्य देवव्रत का स्थान लेंगे, जो सितंबर 2025 से महाराष्ट्र के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। त्रिपुरा के अगरतला में 15 अगस्त, 1957 को जन्मे श्री वर्मा राज्य के पूर्व शाही परिवार से ताल्लुक रखते हैं। वह महाराजा बीर बिक्रम किशोर माणिक्य बहादुर के भतीजे और प्रद्योत बिक्रम माणिक्य देब बर्मा के चाचा हैं। उनके पिता रमेंद्र किशोर देबबर्मा ने महाराजा के सैन्य सचिव और गृह सचिव के रूप में कार्य किया था। श्री वर्मा ने कलकत्ता विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में बीए (ऑनर्स) की पढ़ाई पूरी की है.

### कुल बजट अनुमान 7.69 लाख करोड़ रुपए रखा गया

कुल बजट अनुमान 7.69 लाख करोड़ रुपये रखा गया है, जिसमें राजस्व प्राप्तियां 6.16 लाख करोड़ और राजस्व व्यय 6.56 लाख करोड़ रुपये अनुमानित हैं। फडणवीस ने कहा, सरकार का लक्ष्य राज्य में 1200 किलोमीटर मेट्रो नेटवर्क और 6000 किलोमीटर एक्सप्रेसवे विकसित करने का है।

1. सिंचाई और जल आपूर्ति के क्षेत्र में बजट में कई नदी-जोड़ परियोजनाओं और जल उपलब्धता सुधार योजनाओं का उल्लेख है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता को क्रमश: 55 और 135 लीटर प्रतिदिन तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।
2. स्वास्थ्य क्षेत्र में नागपुर में महाराष्ट्र जन स्वास्थ्य संस्थान की स्थापना, महात्मा फुले जन आरोग्य योजना का विस्तार और 4,500 करोड़ रुपये की ग्रामीण रोग पहचान परियोजना की घोषणा की गई।
3. हरित ऊर्जा के क्षेत्र में 2029 तक 50 प्रतिशत और 2035 तक 65 प्रतिशत लक्ष्य के साथ बड़े वृक्षारोपण अभियान और रूफटॉप सोलर पहल की भी घोषणा की गई।
4. औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के लिए 18 मेगा औद्योगिक केंद्र और प्रत्येक जिले में एमएसएमई केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव है।
5. हर जिले में सूक्ष्म और लघु उद्योग केंद्र स्थापित करने की योजना बनाई है। सरकार ने कहा है कि इससे 50 लाख प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होंगे।
6. बजट में मुंबई और मुंबई महानगर क्षेत्र के लिए कई बड़े प्रोजेक्ट्स की घोषणा की गई है। वडाला से गेटवे ऑफ इंडिया तक नई भूमिगत मेट्रो लाइन बनेगी। 2029 तक मुंबई में 165 किलोमीटर मेट्रो नेटवर्क तैयार होगा।

## चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू

**नई दिल्ली, 06 मार्च.** चारधाम यात्रा 2026 के लिए श्रद्धालुओं का इंतजार अब खत्म हो गया है. उत्तराखंड सरकार ने यात्रा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुक्रवार सुबह 7 बजे से शुरू हो गई है. इस बार भी यात्रा पर जाने से पहले पंजीकरण कराना अनिवार्य किया है, जिससे यात्रा को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संचालित किया जा सके. सरकार की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, चारधाम के कपाट अप्रैल में खुलने वाले हैं. सबसे पहले 19 अप्रैल को यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे. इसके बाद 22 अप्रैल को केदारनाथ धाम और 23 अप्रैल को बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे.

# हम बंटे हैं, इसलिए आक्रमण हो रहे हैं : भागवत

▸ जैसलमेर में जैन चादर महोत्सव में समाज को एकजुट करने का संदेश



**जैसलमेर, 06 मार्च. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने जैसलमेर में जैन समाज के चादर महोत्सव कार्यक्रम में कहा कि समाज में आक्रमण और कलह इसलिए होते हैं क्योंकि हम बंटे हुए हैं.**

भागवत ने सभी को भेदभाव और स्वार्थ को त्यागकर एकजुट होने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हम पंथ-संप्रदाय से ऊपर उठकर संस्कृति, देश और समाज के नाते एक हैं। भागवत ने अपने संबोधन में सद्भावना की शुरुआत की अपील की और कहा कि प्रत्येक मित्र और परिवार हमारे समाज का हिस्सा हैं। कार्यक्रम में भागवत ने पार्श्वनाथ जैन मंदिर में दर्शन-पूजन किए और दादा गुरुदेव की पावन चादर का अवलोकन किया। उन्होंने डॉ. विद्युत प्रभा द्वारा लिखित पुस्तक 'दादा गुरुदेव' का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में जैन समुदाय के लिए स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी किए गए.

यदि हम एकजुट रहेंगे और अपने स्वार्थों को छोड़ेंगे तो समाज मजबूत होगा और भारत विश्वगुरु बन सकता है। जैसलमेर, राजस्थान- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने जैसलमेर के देदांसर मेला ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय जैन चादर महोत्सव में संबोधन देते हुए समाज में एकता और सहयोग का संदेश दिया। भागवत ने कहा कि आक्रमण और कलह इसलिए होते हैं क्योंकि हम बंटे हुए हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे पंथ-संप्रदाय से ऊपर उठकर संस्कृति और देश के आधार पर एकजुट हों.

# अमित शाह ने ओडिशा में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन आज



▸ सीएम मोहन चरण माझी ने भव्य स्वागत किया, 69 परियोजनाओं का उद्घाटन

**नई दिल्ली, 06 मार्च.** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को ओडिशा के भुवनेश्वर पहुंचे, जहां उनका मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भव्य स्वागत किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य राज्य में सहकारिता क्षेत्र और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करना है। अमित शाह इस अवसर पर लगभग 3,300 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। उनके दौरे के दौरान पारादीप और भुवनेश्वर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.

# समझौतावादी नीतियों के कारण कमजोर हुई विदेश नीति : खरगे-राहुल



**नई दिल्ली, 06 मार्च. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर अमेरिकी दबाव में काम करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में भारत ने अपने फैसले हमेशा खुद लिए हैं.**

लेकिन इधर जिस तरह से अमेरिका के इशारों पर काम हो रहा है उससे लगता है कि हम अपनी कूटनीतिक की गौरवशाली परंपरा को खो रहे हैं।

श्री खरगे ने कहा भारत की रणनीतिक स्वायत्तता और राष्ट्रीय संप्रभुता गंभीर खतरे में है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एपस्टीन फाइल्स और अडानी केस को लेकर ब्लैकमेल किया जा रहा है। रूस से तेल खरीदने की अनुमति देने की अमेरिकी घोषणा, जो कि 30 दिनों की छूट है, स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि मोदी सरकार लगातार कूटनीतिक स्वतंत्रता खो रही है। इस तरह की भाषा प्रतिबंधित देशों के लिए इस्तेमाल की जाती है, न कि भारत के लिए, जो वैश्विक व्यवस्था में एक जिम्मेदार और समान भागीदार रहा है.

## एक नजर में



### रूस के सोची शहर में 4.5 तीव्रता का भूकंप

**सोची, 06 मार्च.** रूस में काला सागर के तट पर स्थित शहर सोची में शुक्रवार तड़के 4.5 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। हालांकि स्थानीय प्रशासन के अनुसार इस भूकंप से किसी तरह के नुकसान या जनहानि की सूचना नहीं है। शहर के मेयर आंद्रेई प्रोशुनिन ने बताया कि भूकंप के झटके सुबह महसूस किए गए। उन्होंने अपने टेलीग्राम संदेश में कहा, रिक्टर पैमाने पर 4.5 तीव्रता का भूकंप आज सुबह सोची में आया। किसी भी बुनियादी ढांचे को नुकसान नहीं पहुंचा है और आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र को किसी घटना की रिपोर्ट नहीं मिली है.

### जशपुर में बस पलटने से पांच की मौत

**जशपुर, 06 मार्च.** जिले में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. झारखंड के कुरडेग से कुनकुरी आ रही यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई. हादसे में पांच यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हो गए. इनमें से चार गंभीर घायलों को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है. जानकारी के अनुसार बस का सुबह करीब 9.45 बजे करडेगा चौकी क्षेत्र के गोड़अंबा गांव में ढलान के दौरान बस का ब्रेक फेल हो गया. बस में सवार एक यात्री ने बस रोकने के लिए कहा, तभी कंडक्टर ने चिल्लाकर बताया कि बस का ब्रेक फेल हो गया है. कुछ ही क्षण बाद बस अनियंत्रित होकर निर्माणाधीन आवास के पास पलट गई. बस में दो दर्जन से अधिक यात्री सवार थे.

### 9-10 मार्च को बीजेपी सांसदों के लिए व्हिप जारी

**नई दिल्ली, 6 मार्च.** बीजेपी ने 9 और 10 मार्च को अपने लोकसभा सांसदों को व्हिप जारी किया है. बताया जा रहा है कि विपक्ष द्वारा लोकसभा स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव को लेकर चर्चा हो सकती है. संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू हो रहा है, जिसमें अहम विधायी कार्य और अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी. माना जा रहा है कि इन दोनों दिनों में लोकसभा अध्यक्ष को हटाने के प्रस्ताव को लेकर चर्चा हो सकती है, जिसे विपक्षी दलों ने उठाया है। संसद का बजट सत्र 9 मार्च से फिर शुरू हो रहा है और इसमें कई महत्वपूर्ण विधायी कार्यों और राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। सत्र का पहला चरण पहले ही कई विवादों और राजनीतिक टकरावों के कारण चर्चा में रहा था। अब दूसरे चरण में भी संसद में तीखी बहस और राजनीतिक टकराव देखने को मिल सकता है। संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण से पहले सियासी माहौल गरमा गया है.

# फांसीघर को टिफिन रूम बताना शहीदों का अपमान : केजरीवाल

▸ केजरीवाल ने भाजपा सरकार पर बोला तीखा हमला



**नई दिल्ली, 6 मार्च. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा परिसर से जुड़े ऐतिहासिक मुद्दे को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है.**

केजरीवाल दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए आरोप लगाया कि अंग्रेजों के समय बनी दिल्ली विधानसभा के एक हिस्से में स्वतंत्रता सेनानियों को फांसी दी जाती थी.

केजरीवाल ने कहा कि वर्ष 2022 में इस तथ्य को सामने लाया गया था ताकि लोगों को इतिहास की जानकारी मिल सके, लेकिन अब भाजपा सरकार इसे फांसीघर के बजाय टिफिन रूम बताने की कोशिश कर रही है। उन्होंने इसे स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान बताया और कहा कि भाजपा सरकार दिल्ली के असली मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है.

## दक्षिण कोरिया यूएई से 60 लाख बैरल तेल खरीदेगा

**सोल, 06 मार्च.** दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख कांग हून-सिक ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर जहाजों के आवागमन में व्यवधान के मद्देनजर दक्षिण कोरिया संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से 60 लाख बैरल कच्चे तेल की आपातकालीन आपूर्ति करेगा। श्री कांग ने कहा कि स्थिर ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रपति ली जे-म्युंग की ओर से यूएई अधिकारियों के साथ हुई चर्चा के दौरान इसे अंतिम रूप प्रदान किया गया। कांग ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, राष्ट्रपति की ओर से हमने यूएई नेतृत्व के साथ तेल आयात को सुरक्षित करने के उपायों पर चर्चा की जिसमें 60 लाख बैरल की आपातकालीन आपूर्ति की पुष्टि हो गयी.

# विकसित देशों के विद्यार्थी आयेंगे भारत : गोयल

▸ अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिये आकर्षित



**नई दिल्ली, 06 मार्च. केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत भविष्य में अपने शिक्षा संस्थानों में सुविधाएं बढ़ा कर तथा शिक्षण-प्रशिक्षण की आधुनिक प्रौद्योगिकी अपना कर अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिये आकर्षित कर सकता है।**

गोयल ने कहा कि नयी शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विदेशी शिक्षण संस्थानों को भारत में परिसर स्थापित करने की छूट मिली है और दूसरे देशों के साथ विद्यार्थियों के आने जाने का सिलसिला बढ़ रहा है। वाणिज्य मंत्री यहां विकसित भारत 2047 के लिए उच्च शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण की नयी कल्पना विषय पर कुलपतियों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इसका आयोजन वाणिज्य मंत्रालय के संस्थान भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) ने किया था। गोयल ने कहा कि 2047 तक भारत को वैश्विक शिक्षा केंद्र में बदलने के सपने को पूरा करने के लिये शिक्षा जगत, सरकार और उद्योग के बीच सहयोग बढ़ाना होगा.

गोयल ने कहा कि मोदी सरकार की शिक्षा नीति से शिक्षा सुविधाओं को अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने की उम्मीद करने, देश की बढ़ती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए शिक्षा संस्थानों के विस्तार एवं दुनिया भर से विद्यार्थियों को आकर्षित करने की सोच जागृत हुई है। उन्होंने विकसित देशों के विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए भारत आने का आह्वान करते हुए तीन साल के पाठ्यक्रम जैसे मॉडल का सुझाव दिया, जिसमें विद्यार्थी एक साल भारत में और दो साल अपने मूल संस्थान में बिता सकते हैं, या दोनों संस्थानों के बीच अपना समय बराबर बांट सकते हैं.

# आत्मनिर्भरता ही हर स्थिति से निपटने का मूलमंत्र

▸ हमारी आत्मनिर्भरता विजन की एक प्रमुख धुरी : राजनाथ



**नई दिल्ली 06 मार्च. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए कहा है कि अनिश्चितताओं के इस दौर में आत्मनिर्भरता ही प्रासंगिक और हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का एकमात्र मार्ग है.**

सिंह ने शुक्रवार को कोलकाता में रक्षा एवं समुद्री संवाद सागर संकल्प—भारत का समुद्री गौरव का उद्घाटन करते हुए कहा, रक्षा क्षेत्र में आज अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल हो रहा है, इसीलिए हमारी सरकार का शुरू से यह मानना रहा है कि इस अनिश्चितता के दौर में आपूर्ति श्रृंखला में बाधा से बचने का एक मात्र उपाय है 'आत्मनिर्भरता' और रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम हमारी आत्मनिर्भरता के विजन की एक प्रमुख धुरी है। इस कार्यक्रम का आयोजन गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) और एक निजी मीडिया संगठन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था.

रक्षा मंत्री ने कहा, पुराने विचार, पुरानी वैश्विक व्यवस्था और पुरानी धारणाएं तेजी से बदल रही हैं। हमें इन अनिश्चितताओं को समझने की आवश्यकता है। पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति इसका प्रमुख उदाहरण है। वहां जो कुछ हो रहा है, वह असामान्य है। पश्चिम एशिया या हमारे पड़ोस में भविष्य की घटनाओं के बारे में ठोस टिप्पणी करना कठिन है। उन्होंने कहा कि हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य या समूचा फ़ारस की खाड़ी क्षेत्र वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब इस क्षेत्र में अशांति होती है तो इसका सीधा असर तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ता है.

# 10 लाख युवाओं को एआई प्रशिक्षण, नवाचार और रोजगार को बढ़ावा



**लखनऊ, 06 मार्च. उत्तर प्रदेश- उत्तर प्रदेश सरकार स्टार्टअप और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित स्किलिंग के माध्यम से प्रदेश में नवाचार और युवा उद्यमिता को नई गति दे रही है.**

योगी सरकार की स्टार्टअप नीति और एआई प्रज्ञा प्रोग्राम का लक्ष्य करीब 10 लाख युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें डिजिटल और तकनीकी रोजगार के अवसर प्रदान करना है। प्रदेश के कानपुर, लखनऊ, नोएडा और वाराणसी जैसे शहरों में स्टार्टअप गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एसटीपीआई की लगभग 400 यूनिट्स सक्रिय हैं। इसके साथ ही 100 से अधिक स्टार्टअप इन्क्यूबेटर विकसित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से युवाओं को उनके नवाचार और तकनीकी विचारों को व्यवसाय में बदलने के लिए मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण में देश में लगभग 65त्न हिस्सेदारी के साथ अग्रणी बन रहा है.

## आज का इतिहास

- 1854- चार्ल्स मिलर ने सिलाई मशीन के लिए पेटेंट हासिल किया था।
- 1875- अलेक्जेंडर ग्राहम बेल ने आज ही के दिन टेलीग्राफ का आविष्कार किया था
- 1911 - हिंदी के प्रसिद्ध लेखक और साहित्यकार सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय का जन्म।
- 1952 -वेस्टइंडीज के धाकड़ बल्लेबाज विवियन रिचर्ड्स का एंटीगुआ में जन्म।
- 1969 -इजरायल में गोल्डा मीर देश की पहली महिला प्रधानमंत्री चुनी गईं। लेवी एशकोल के निधन के बाद उन्हें प्रधानमंत्री बनाया गया.

## भूमिका | अमेरिका-ईरान संबंधों को तय करने में अहम भूमिका निभाएगा

# ईरान के अगले सर्वोच्च नेता के चयन में भूमिका चाहते हैं ट्रंप



**वॉशिंगटन/तेहरान, 06 मार्च. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान के अगले सर्वोच्च नेता के चयन की प्रक्रिया में भूमिका निभाना चाहते हैं.**

उन्होंने यह भी संकेत दिया कि अमेरिका और इज़रायल ऐसे किसी उत्तराधिकारी को स्वीकार नहीं करेंगे जो दिवंगत नेता अली खामेनेई की नीतियों को जारी रखे। रिपोर्टों के अनुसार श्री ट्रंप ने कहा है कि ईरान में नेतृत्व परिवर्तन भविष्य के अमेरिका-ईरान संबंधों को तय करने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनके पास ऐसे संभावित उम्मीदवारों के बारे में जानकारी है जिन्हें वह अच्छा नेता मानते हैं।

एक साक्षात्कार में श्री ट्रंप ने दिवंगत अयातुल्ला खामेनेई के बेटे मोजतबा खामेनेई को संभावित उत्तराधिकारी के रूप में खारिज करते हुए कहा, खामेनेई का बेटा हल्का नेता है। मुझे नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल होना होगा। उन्होंने वेनेजुएला का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां सत्ता परिवर्तन के बाद श्री डेल्सी रोड्रिगेज के नेतृत्व से अमेरिका को रणनीतिक लाभ मिला और वह ईरान में भी ऐसा ही परिणाम देखना चाहते हैं।

ईरान में सर्वोच्च नेता के चयन की संवैधानिक प्रक्रिया धार्मिक विद्वानों की संस्था %विशेषज्ञों की सभा %के माध्यम से होती है। यह नए नेता की नियुक्ति करती है। इस बीच, श्री ट्रंप ने दावा किया कि ईरान ने युद्ध खत्म करने के लिए एक समझौता करने की उम्मीद में संपर्क किया है.

सीएनएन ने बताया कि ईरानी इंटेलिजेंस अमेरिका के साथ युद्ध खत्म करने पर बातचीत कर रही है, लेकिन अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि कोई बातचीत नहीं चल रही है और निकट भविष्य में संभावित बाहर निकलने का रास्ता बनने की उम्मीद कम है। इसी बीच कुछ रिपोर्टों में कहा गया है कि युद्ध समाप्त करने के विकल्पों पर ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष संपर्क की संभावना पर चर्चा हो रही है। हालांकि अमेरिकी अधिकारियों ने औपचारिक वार्ता से इनकार किया है.

## समंदर में भटक रहे रूसी जहाज लौटने लगे भारत!

**नई दिल्ली.** ईरान में चल रही अमेरिका और इजरायल की जंग के बीच महीनों से भारत के समंदर के पास भटक रहे रूसी तेल जहाजों को अपना खरीददार मिल गया है। जहाजों की ट्रैकिंग से जुड़े आंकड़ों के मुताबिक, जिन दो रूसी तेल कार्गो जहाजों ने पहले पूर्वी एशिया को अपना डेस्टिनेशन बताया था, उन्होंने अब भारत का रुख कर लिया है। इससे संकेत मिलता है कि मध्य-पूर्व में ब?ते संघर्ष के बीच भारत रूस के कच्चे तेल की खरीद फिर से ब?ाने की तरफ ब? रहा है। तेल टैंकरों पर नजर रखने वाले केपलर और वोर्टे एण्ड ए के आंकड़ों के अनुसार, रूसी कच्चे तेल यूराल ग्रेड के करीब 14 लाख बैरल कच्चे तेल को ले जा रहे दो टैंकर इस हफ्ते भारतीय बंदरगाहों पर तेल उतारने वाले हैं.

# 9 राज्यों और 2 केंद्रशासित प्रदेशों में नई नियुक्तियां

▸ राज्यपालों में बड़ा फेरबदल



जिष्णु देव वर्मा



तरनजीत सिंह सिंधू

**नई दिल्ली, 06 मार्च. केंद्र सरकार ने मार्च 2026 में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए कई राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में राज्यपाल और उपराज्यपालों की नियुक्तियों में बदलाव किया है.**

इस बदलाव के तहत हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, नागालैंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और केरल समेत कई राज्यों में नए राज्यपाल नियुक्त किए गए हैं, जबकि दिल्ली और लद्दाख जैसे केंद्रशासित प्रदेशों में भी उपराज्यपाल बदले गए हैं। कविंदर गुप्ता को लद्दाख से स्थानांतरित कर हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल बनाया गया है.

दिल्ली के नए उपराज्यपाल के रूप में पूर्व राजनयिक तरनजीत सिंह संधू को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा बिहार में लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन को राज्यपाल नियुक्त किया गया है। पश्चिम बंगाल में आर.एन. रवि को राज्यपाल बनाया गया है, जबकि तेलंगाना में शिव प्रताप शुक्ला को नई जिम्मेदारी दी गई है। महाराष्ट्र में जिष्णु देव वर्मा को राज्यपाल नियुक्त किया गया है, जबकि नागालैंड में नंद किशोर यादव को राज्यपाल बनाया गया है। इसी क्रम में राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर को केरल का राज्यपाल नियुक्त किया गया है और उन्हें तमिलनाडु का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। सरकार के अनुसार, यह फेरबदल प्रशासनिक संतुलन और विभिन्न राज्यों में शासन व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किया गया है.